Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take necessary steps for rehabilitation of people residing in Jhuggi Jhopri clusters located on Mumbai Airport Authority land - laid.

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : मुंबई Airport Authority की तकरीबन 175 एकड़ जगह पर कम से कम 80 हजार से भी ज्यादा झुग्गी झोपड़ पट्टीयां बसी हुई हैं । पिछले 50 से भी ज्यादा वर्षों से बसी हुई इन झोपड़ पट्टीयों में अनेक प्राथमिक सुविधाओं की समस्या है जैसे, शोचालय, पीने का पानी, रास्ते एवं अन्य बुनियादी सुविधायें न होने की वजह से इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को बहुत परेशानी सहनी पड़ती है । इन झुग्गी झोपड़ पट्टीयों की वजह से विमान सेवा में भी बाधा आती है । इन झोपड़ पट्टीयों का पुनर्वास करने की योजना पहले केंद्र सरकार ने बनाई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी । अतः नागर विमानन मंत्रालय से अनुरोध है कि मुंबई Airport Authority की जमीन पर बसी हुई इन झोपड़ पट्टीयों का पुनर्वास राज्य सरकार और हवाई अड्डा संचालक से मिलकर जल्दी से जल्दी करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं ।